# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 दिसम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा के पानीपत से महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन को समर्पित 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया। योजना के शुभारंभ के मौके पर प्रदेश के नौ जनपदों मेरठ, बरेली, अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज और गोरखपुर की महिलाएं वर्चुअल माध्यम से आयोजन का हिस्सा बनी।

इस मौके पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष दो हजार सैंतालिस तक विकसित होने के संकल्प के साथ चल रहा है। उन्होंने कहा कि लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू हो रहा है । जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वह वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मंडलायुक्त कार्यालय में कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के दौरान उपस्थित बीमा सखी के रूप में कार्य करने वाली महिलाओं ने सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस प्रकार से महिलाओं के जीवन को सरल और सुगम बनाने के साथ उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रहे है,यह उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्तर वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को आज गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड की विशेषताएं बताईं और कहा कि इससे हर साल पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के जरिये परिवार के सत्तर वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्गों को भी यह सुविधा प्रति वर्ष मिल सकेगी।

**********

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बानबेवें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव कल गोरखपुर के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज मैदान में मनाया जाएगा। चार दिसम्बर से शुरू हुए इस आयोजन के समापन कार्यक्रम में कल मुख्य अतिथि के तौर पर नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी भी हिस्सा लेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस मौके पर शिक्षकों, कर्मचारियों और करीब आठ सौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, दो हजार तेरह के प्रावधानों के अनुसार राजनीतिक दलों में यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने के लिए सक्षम प्राधिकारी बताया है। राजनीतिक दलों को यौन उत्पीड़न विरोधी कानूनों के तहत शामिल करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी की और याचिका को निस्तारित कर दिया।

**********

गौतमबुद्धनगर जिले में एशिया के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज से विमानों का ट्रॉयल शुरू कर दिया गया । एयरपोर्ट पर आज सबसे पहले इंडिगो कंपनी का विमान उतारा गया, जिसका वॉटर कैनन से स्वागत हुआ। यह एयरपोर्ट प्रदेश का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पच्चीस नवंबर दो हजार इक्कीस को इस हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी।

**********

प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने जौनपुर जिले में केंद्र ीय विद्यालय के निर्माण की पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सभी सहयोगी मंत्रियों के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का निर्माण जौनपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार ने हाल ही में देश भर में पचासी नये केंद्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इनमें से पांच विद्यालय उत्तर प्रदेश के जौनपुर, महराजगंज, बिजनौर, अयोध्या और कन्नौज जिले में खोले जाएंगे।

**********

प्रदेश के गौतमबुद्धनगर और पीलीभीत समेत कई जिलों में बीती रात से हल्की से लेकर तेज बूंदाबांदी हुई है, हांलाकि थोड़ी देर बाद मौसम सामान्य हो गया। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले छह दिनों तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। ग्यारह से तेरह दिसम्बर के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर शीतलहर की भी चेतावनी जारी की गई है। विभाग द्वारा प्रदेश में देर रात और सुबह के समय आज से दो दिनों तक कुछ स्थानों पर घने कोहरे की भी संभावना व्यक्त की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार तेरह से पंद्रह दिसम्बर तक देर रात और सुबह कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरे का असर भी देखा जा सकता है। साथ ही अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी, जबकि दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना है।

**********